अनुक्रमांक / **Roll No.**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें ।
Candidate should write his/her Roll No. here.

पुस्तिका क्रम संख्या
**Booklet Serial No.**
802381

कुल प्रश्नों की संख्या : 10
Total No. of Questions : 10

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7
No. of Printed Pages : 7

# M-2019 – V

## सामान्य हिन्दी
## GENERAL HINDI
## पाँचवा प्रश्न–पत्र
## FIFTH PAPER

समय : 03 घंटे]
Time : 03 Hours]

[पूर्णांक : 200
[Total Marks : 200

प्रश्न : 1. इस प्रश्न में **20** अतिलघुत्तरीय प्रश्न हैं, **प्रत्येक** प्रश्न का उत्तर अधिकतम **20** शब्दों में देना है । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । **प्रत्येक** प्रश्न **03 (तीन)** अंकों का है । **(20×3=60)**

प्रश्न: (1.1) 'स्वर सन्धि' किसे कहते हैं ? 'स्वर सन्धि' के दो भेदों के नाम लिखिए ।

प्रश्न: (1.2) 'मुहावरा' से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न: (1.3) 'योजक चिह्न' का प्रयोग क्यों होता है ?

प्रश्न: (1.4) 'तद्‌भव' शब्द किन्हें कहते हैं ?

प्रश्न: (1.5) सन्धि और समास के अन्तर को स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न: (1.6) 'पर्यायवाची' शब्द से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न: (1.7) 'विराम–चिह्नों' का प्रयोग क्यों किया जाता है ?

प्रश्न: (1.8) 'विलोम' शब्द से क्या आशय है ?

प्रश्न: (1.9) 'पल्लवन' किसे कहते हैं ?



[P.T.O.

प्रश्न: (1.10) 'व्यंजन सन्धि' की परिभाषा दीजिए।

प्रश्न: (1.11) 'पृष्ठांकन' का उपयोग किस लिए किया जाता है ?

प्रश्न: (1.12) 'शब्द युग्म' से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न: (1.13) 'पारिभाषिक शब्द' किसे कहते हैं ?

प्रश्न: (1.14) समास के कितने भेद होते हैं ? नामोल्लेख कीजिए।

प्रश्न: (1.15) 'लोकोक्ति' से क्या तात्पर्य है ? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न: (1.16) 'अनुस्मारक' पत्र कब लिखा जाता है ?

प्रश्न: (1.17) 'अधिसूचना' से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न: (1.18) 'टिप्पण' किसे कहते हैं ?

प्रश्न: (1.19) 'विसर्ग सन्धि' की परिभाषा दीजिए।

प्रश्न: (1.20) 'तत्सम' शब्द किसे कहते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न : 2. निम्नलिखित वाक्यों का **हिन्दी** से **अंग्रेजी** में अनुवाद कीजिए। **प्रत्येक** प्रश्न **04 (चार)** अंकों का है। **(5×4=20)**

प्रश्न: (2.1) हम चाहे लिखें या बोलें, हमें व्याकरण के नियमों का पालन करना चाहिए।

प्रश्न: (2.2) इस जंगल के सभी वृक्षों की पत्तियाँ हरी हैं।

प्रश्न: (2.3) यह आवश्यक नहीं है कि सुखी होने के लिए धनी हुआ जाय।

प्रश्न: (2.4) स्वामी विवेकानन्द ने समाज की अनेक बुराइयों को दूर करने की चेष्टा की।

प्रश्न: (2.5) मेरे स्टेशन पहुँचने से पहले ट्रेन आ गयी थी।

प्रश्न : 3. निम्नलिखित वाक्यों का **अंग्रेजी** से **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए। **प्रत्येक** प्रश्न **03 (तीन)** अंकों का है। **(5×3=15)**

प्रश्न: (3.1) Scientists made many hypotheses about the earth but later they discarded them.

प्रश्न: (3.2) I may be allowed to travel first class.

प्रश्न: (3.3) There are many sanatoria in India where sick people go for treatment.

प्रश्न: (3.4) You can achieve success if you work hard.

प्रश्न: (3.5) Unless you take medicine, you can not be cured.



https://www.evidyarthi.in

प्रश्न : 4. किसी **एक** गद्यांश का **एक तिहाई** शब्दों में संक्षेपण कीजिए । अभ्यर्थी जिस गद्यांश का संक्षेपण कर रहे हैं उसका स्पष्ट उल्लेख उत्तर के प्रारंभ में अनिवार्यत: करें । प्रश्न **15 (पंद्रह)** अंकों का है । **(1×15=15)**

राष्ट्रीयता के विकास के लिए भाषा एक महत्वपूर्ण तत्व है । भाषा ही एक ऐसा साधन है जिसके द्वारा मनुष्य और मानव–समुदाय अपने भावों को एक–दूसरे के सामने प्रकट करते हैं । जिस प्रकार पहाड़, नदी तथा समुद्र मनुष्य के आपस में मिलने–जुलने में रुकावट पैदा करते हैं, वैसे ही भाषा की भिन्नता मनुष्यों में पारस्परिक संबंध स्थापित करने में बाधक होती है । मनुष्य के विभिन्न समुदायों के अपने–अपने आदर्श, विचार और अपनी–अपनी भावनाएँ होती हैं जिनकी अभिव्यक्ति भाषा द्वारा होती है । संगीत और साहित्य की अभिव्यक्ति का साधन भी भाषा ही है । भाषा एक ऐसा साधन है, जिससे मनुष्य एक दूसरे के समीप आते हैं, उनमें घनिष्ठता स्थापित हो जाती है ।

**अथवा**

प्राणियों के जीवन में सबसे अधिक सुखानुभूति का यदि कोई लम्हा है तो वह है, खेल । शारीरिक अंगों में स्फूर्ति और चंचलता, हृदय में आनन्द और प्रसन्नता तथा मन में उत्साह और स्वतंत्रता का भाव भरने वाला होता है खेल; क्योंकि इसका सिर्फ शारीरिक महत्व ही नहीं होता, वरन् शैक्षिक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक महत्व भी हुआ करता है । यही कारण है कि चाहे पशु हो या पक्षी या फिर सबसे संवेदनशील प्राणी मानव–सभी खेल–कूद को बेहद पसंद करते हैं । खेल–कूद हमारे शरीर को हृष्ट–पुष्ट बनाते हैं; हमारी मांसपेशियों को ताकतवर बनाते हैं और रक्त संचार को नियंत्रित करते हैं । खेलने कूदने वाले बच्चे पढ़ने–लिखने में भी काफी मन लगाते हैं । यह कहना बिल्कुल तर्कसंगत है – "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है ।"

प्रश्न : 5. निर्देशानुसार पत्र लेखन किया जाए, अधिकतम शब्द सीमा **100** है । प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं । अभ्यर्थी जिस विकल्प का उत्तर लिख रहे हैं उसका स्पष्ट उल्लेख उत्तर के प्रारंभ में अनिवार्यत: करें । प्रश्न **15 (पंद्रह)** अंकों का है । **(1×15=15)**

भारतीय स्टेट बैंक के प्रधान कार्यालय द्वारा बैंक के सभी शाखा प्रबंधकों को एक परिपत्र लिखिए जिसमें निर्देश हो कि लघु उद्योगों को प्राथमिकता से ऋण उपलब्ध कराया जाए ।

**अथवा**

स्वयं को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार का उपसचिव मानते हुए दो हिन्दी सहायक एवं दो कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक की नियुक्ति सम्बन्धी कार्यालय आदेश निर्गत करें ।

प्रश्न : 6. निम्नलिखित शब्दों में से **किन्हीं पाँच हिन्दी/अंग्रेजी** शब्दों के **अंग्रेजी/हिन्दी** में पारिभाषिक शब्द लिखिए। **प्रत्येक** प्रश्न **03** अंकों का है। **(5×3=15)**

| S.No. | प्रश्न |
|---|---|
| 1 | परिशिष्ट |
| 2 | प्रतिनियुक्ति |
| 3 | निरीक्षण |
| 4 | पांडुलिपि |
| 5 | कार्यशाला |
| 6 | Emoluments |
| 7 | Ex-officio |
| 8 | Honorarium |
| 9 | Migrant |
| 10 | Voluntary |

प्रश्न : 7. निम्नलिखित मुहावरों/कहावतों में से **किन्हीं पाँच** का अर्थ स्पष्ट करते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए। **प्रत्येक** प्रश्न **03** अंकों का है। **(5×3=15)**

प्रश्न: (7.1) आकाश-पाताल एक करना

प्रश्न: (7.2) आसन डोलना

प्रश्न: (7.3) उन्नीस-बीस का फर्क

प्रश्न: (7.4) घाव हरा होना

प्रश्न: (7.5) ताल ठोकना

प्रश्न: (7.6) पहाड़ टूट पड़ना



https://www.evidyarthi.in

प्रश्न: (7.7) घर का जोगी जोगड़ा, आन गाँव का सिद्ध

प्रश्न: (7.8) न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी

प्रश्न: (7.9) एक आँख से देखना

प्रश्न: (7.10) जान पर खेलना

प्रश्न : 8. निम्नलिखित में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **प्रत्येक** प्रश्न **03 (तीन)** अंकों का है । **(5×3=15)**

| S. No. | **प्रश्न** |
|---|---|
| 1 | 'ने + अन' की सन्धि कीजिए । |
| 2 | 'सदैव' का सन्धि विच्छेद कीजिए । |
| 3 | 'प्रतिदिन' में कौन-सा समास है ? |
| 4 | द्विगु समास के तीन उदाहरण लिखिए । |
| 5 | 'घर' के तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए । |
| 6 | 'तृष्णा' का विलोम शब्द लिखिए । |
| 7 | लाघव चिह्न को अंकित करते हुए दो उदाहरण दीजिए । |
| 8 | 'मोती' का तत्सम रूप लिखिए । |
| 9 | 'स्वामी' का तद्भव रूप लिखिए । |
| 10 | 'उपयुक्त' तथा 'उपर्युक्त' में अन्तर स्पष्ट कीजिए । |

प्रश्न : 9. निम्नलिखित में से **किसी एक** गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । अभ्यर्थी जिस गद्यांश का उत्तर लिख रहे हैं उसका स्पष्ट उल्लेख उत्तर के प्रारंभ में करें । **प्रत्येक** प्रश्न **03 (तीन)** अंकों का है । **(5×3=15)**

गद्यांश : प्रकृति ने हमें हमारे पालन पोषण के लिए जल, वन, पर्वत और नदियाँ प्रदान की थीं परन्तु हमने खनन, बाँध बनाकर और वनों को साफ करके उसका रूप परिवर्तन कर दिया । परिणाम स्वरूप प्रकृति का मूल रूप पूरी तरह बदल गया । हमारी जनसंख्या की वृद्धि की रफ्तार बहुत तेज है । उसके पालन–पोषण के लिए जल और खाद्यान्न की और अधिक आवश्यकता पड़ेगी । भारत की नदियों में गंगा सबसे पवित्र और निर्मल मानी जाती है पर आज भारत की कोई भी नदी ऐसी नहीं है जिसका जल प्रदूषित न हो गया हो । इस जल को प्रदूषित करने का परिणाम घातक रोगों के कीटाणु जैसे हैजा, पीलिया, टाइफाइड हैं, जो महामारी का रूप धारण कर लेते हैं । ये सम्पूर्ण कीटाणु जल में ही उत्पन्न होते हैं, नदियों का जल सर्वत्र प्रयोग में आता है । चर्म रोग भी अधिकतर दूषित जल से ही उत्पन्न होता है । अत: जल प्रदूषण को रोकना बहुत ही आवश्यक है । पेय जल की स्वच्छता की ओर भी विशेष ध्यान देना आवश्यक है ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

(ii) प्रकृति ने मनुष्य को पालन पोषण के लिए क्या प्रदान किया ?

(iii) मनुष्य ने प्रकृति के मूल रूप को कैसे बदल दिया ?

(iv) जल प्रदूषण को रोकना क्यों आवश्यक है ?

(v) भविष्य में जल और खाद्यान्न की आवश्यकता क्यों पड़ेगी ?

**अथवा**

समाज की सेवा अपनी सेवा है । हम समाज से अलग नहीं । समाज को स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है । संगति का प्रभाव मनुष्य पर बहुत ज्यादा पड़ता है । बुरे आदमियों की संगति से हम अच्छे नहीं रह सकते । जब परिवार के सभी आदमी दुख से कराहते हों, हम हँस नहीं सकते । समाज के साथ तो हमें आमरण रहना है । अगर हमें अपने–आपको स्वच्छ और सुखी रखना है, तो अपने परिवार को, अपने पड़ोस को स्वच्छ और सुखी रखना



https://www.evidyarthi.in/

होगा । परिवार और पड़ोस समाज के ही अंग हैं । कुछ लोगों की यह शिकायत है कि समय की कमी के कारण ने समाज की सेवा करने में असमर्थ हैं, यह शिकायत निराधार है । आपका पड़ोसी सिरदर्द से छट पटा रहा हो और आप ग्रामोफोन का रिकार्ड सुन रहे हैं । क्या समाज के एक अंग के लिए आप गाना सुनना बन्द नहीं कर सकते ?

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए ।

(ii) व्यक्ति और समाज का क्या संबंध है ?

(iii) संगति का प्रभाव व्यक्ति पर क्या पड़ता है ?

(iv) अपने को सुखी रखने के लिए हमें क्या करना पड़ेगा ?

(v) समाज सेवा को लेकर लोगों की क्या शिकायत है ? और वह क्यों निराधार है ?

प्रश्न : 10. निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** विषय पर संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत कीजिए । अभ्यर्थी जिस प्रतिवेदन का उत्तर लिख रहे हैं उसका स्पष्ट उल्लेख उत्तर के प्रारंभ में करें । अधिकतम शब्द सीमा **150** है । प्रश्न **15** अंकों का है । **(1×15=15)**

मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, विदिशा की ओर से कोविड–19 महामारी की रोकथाम हेतु किए गये प्रयासों से सम्बन्धित प्रतिवेदन प्रस्तुत कीजिए ।

**अथवा**

राजकीय महाविद्यालय, भोपाल के प्राचार्य की ओर से कॉलेज की प्रगति से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत कीजिए ।

SEAL

SEAL

https://www.evidyarthi.in/